प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर प्रसारित किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषा में इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 9 बजकर 30 मिनट पर इसका प्रादेशिक भाषा में प्रसारण करेंगे।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संबोधन के कारण आकाशवाणी रांची से आज शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार शाम पौने सात बजे प्रसारित किया जायेगा जबकि जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पचपन मिनट पर होगा।

****

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। झारखंड में भी इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

****

राष्ट्र आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का स्मरण कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन असंख्य लोगों को याद किया है, जो विभाजन की त्रासदी से पीड़ित और प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि आज उन सभी लोगों के साहस को सम्मान देने का दिन भी है और यह मानवीय सामर्थ्य के उच्च स्तर को दर्शाता है। श्री मोदी ने देश में एकता और भाईचारे की भावना को सदैव संरक्षित करने की देश की प्रतिबद्धता पर भी बल दिया।

****

इधर, गिरिडीह जिले में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें अन्य लोगों के अलावा केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल होंगी।

****

पलामू जिले के सरकारी स्कूलों के मूल्यांकन को लेकर तैयारी पूरी की जा रही है।

****

केन्द्र सरकार ने रांची के बेड़ो प्रखंड के करंजटोली गांव की सहिया गीता खलखो को दिल्ली में कल आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल होने का आमंत्रण दिया है। गीता खलखो ने महिला और शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर एक अलग पहचान बनायी है। इनके प्रयास से गांव में संस्थागत प्रसव के प्रति लोगों में जागरुकता आयी है और बच्चों का टीकाकरण भी शत प्रतिशत हुआ है। गीता खलखो स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

****

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधार कार्यों से जुडे एक हजार 37 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक के लिए चुना गया है। इनमें झारखंड के भी 19 पुलिसकर्मी शामिल हैं। आइपीएस अधिकारी दीपक पांडेय सहित सात पुलिसकर्मियों को वीरता पदक के लिए चुना गया है जबकि 11 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जायेगा। इसके अलावा झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारेलाल तांबवार को भी वीरता पदक मिलेगा।

****

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के साथ ही स्पिलंटर ग्रुप के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सल गतिविधियों की समीक्षा करने के बाद डीजीपी ने कहा कि झारखंड को पूरी तरह नक्सल मुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

****

देवघर के त्रिकूट पहाड़ से कल खाई में गिरे कांवरिये का शव आज एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है। वह लोहरदगा के ताटी गांव का रहनेवाला था।

****

हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय के फोटो युक्त फेक व्हाट्सएप आईडी बनाए जाने की सूचना के बाद उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि उक्त व्हाट्सएप नंबर से किसी प्रकार के संदेश या मैसेज पर कोई प्रतिक्रिया न दें तथा उक्त नंबर को ब्लॉक कर दें।

*******समाप्त*******